आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 12.05.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- पंचायती राज सचिव अर्जुन शर्मा के नेतृत्व में द्वीपसमूह के सभी सत्तर ग्राम पंचायतों में बड़े पैमाने पर विशेष स्वच्छता अभियान की शुरूआत की गई है।
- नगरपालिका परिषद में उप–समितियों का गठन किया गया है।
- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से इस वर्ष विभिन्न क्षेत्रों में चौबीस सीटों के लिए इंटर्नशिप योजना की शुरूआत की गई है।
- मध्योत्तर अंडमान ज़िले में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।
- एम वी स्वराजद्वीप के आज दोपहर बारह बजे तक पोर्ट ब्लेयर पहुंचने की संभावना है।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास एवं पंचायत सचिव अर्जुन शर्मा के नेतृत्व में प्रशासन के ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थान और शहरी स्वायत्त निकाय निदेशालय ने कल द्वीपसमूह के सभी सत्तर ग्राम पंचायतों में बड़े पैमाने पर विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया। इस पहल का उद्देश्य स्वच्छता और साफ–सफाई को बढावा देना, निवासियों के कल्याण को बढ़ावा देना और द्वीपों की प्राकृतिक सुंदरता को संरक्षित करना है। इस अभियान के दौरान सूखे कचरे को अलग से जमा करने पर विशेष जोर दिया गया और जमा किए गए कचरे के निपटान के लिए उचित कदम उठाया गया। इस अभियान में अधिकारियों सहित नागरिक समाज संगठन, पंचायती राज संस्थानों के सदस्यों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। पंचायत सचिव अर्जुन शर्मा ने अभियान का नेतृत्व किया और फरारगंज ब्लॉक के अंतर्गत मीठाखाड़ी, स्टीवर्टगंज, शोरप्वाइंट और बिडनाबाद ग्राम पंचायत में आयोजित कई अभियानों में भाग लिया। इस अभियान के दौरान प्लास्टिक, कांच, एमएलपी, ट्रेट्रापैक और अन्य समुद्री कूड़े से युक्त कुल मिलकर आठ दशमलव नौ मीट्रिक टन सूखा कचरा जमा किया गया। पंचायत सचिव अर्जुन शर्मा ने इस उद्देश्य के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए निवासियों, स्थानीय नेताओं और सरकारी कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की।

<><><><><><><>

नगरपालिका परिषद में उप–समितियों के गठन के लिए हाल ही में चुनाव कराया गया। नगरपालिका परिषद के सम्मेलन कक्ष में सदस्यों की बुलाई गई विशेष बैठक में शिक्षा और सामाजिक न्याय उप–समिति के लिए वाई. जोगा राव को अध्यक्ष चुना गया, जबकि वित्त, कर और लेखा उप–समिति में टी. मंगई करसी को अध्यक्षा चुना गया। जन–स्वास्थ्य और स्वच्छता उप–समिति में संजीव रेड्डी, जल कार्यों की उप–समिति मे वसंता और कार्य, शहरी विकास योजना और सुधार उप–समिति में डी. राधिका को अध्यक्ष बनाया गया है।

<><><><><><><>

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से इस वर्ष विभिन्न क्षेत्रों में चौबीस सीटों के लिए इंटर्नशिप योजना की शुरूआत की गई है, जो दो महीने की अवधि के लिए है। इस वर्ष तीन जून से इंटर्नशिप की शुरूआत होगी। ऑनलाइन साइट खुली हुई है और उम्मीदवार इक्कीस मई तक इसके जरिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदकों को जानकारी देने के लिए मंत्रालय की ओर से इंटर्नशिप दिशा–निर्देश अधिसूचित किया गया है। इच्छुक विद्यार्थियों से दिए गए लिंक के जरिए ऑनलाइन आवेदन करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िले में सरकारी ज़मीन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में अब तक बड़ी मात्रा में सरकारी जमीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया है। ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा की निगरानी में रंगत, मायाबंदर, तहसील के विभिन्न क्षेत्रों से कई वर्ग मीटर ज़मीन को खाली कराया गया। इन ज़मीनों पर अतिक्रमणकारियों द्वारा सुपारी के पेड़, अस्थाई ढांचा, बगीचा और क्षेत्रों का घेराव करके अतिक्रमण किया गया था। आने वाले दिनों मे भी जिलों में यह अभियान जारी रहेगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने साइबर अपराध से लोगों को जागरूक करने के लिए परामर्श जारी किया है। पुलिस ने कहा है कि धोखाधड़ी के नए–नए तरीके विकसित हो रहे हैं। बैंक लेन–देन का ओ टी पी प्राप्त करने और लोगों के ई–मेल पते, स्मार्ट फोन तक पहुंच प्राप्त करने के लिए अपराधी फर्जी डिलिवरी पार्सल घोटाले के माध्यम से कई लोगों को अपना निशाना बना रहे हैं। ये घोटाले अक्सर उन लोगों द्वारा किए जाते हैं, जो डिलिवरी एजेंटों या डिलिवरी एजेंसियों के साथ मिलकर काम करते हैं।

जब उन्हें पता चलता है कि किसी खास व्यक्ति को विभिन्न ई–कॉमर्स कम्पनियों से बहुत सारे पैकेज मिलते हैं, तो वे उन्हें अपने जाल में फंसाने की योजना बनाते हैं। इस संबंध में अंडमान निकोबार पुलिस ने परामर्श जारी करते हुए कहा है कि किसी भी पैकेज को स्वीकार या रद्द करने से पहले अपने ऑर्डर और संभावित डिलिवरी तिथियों की पुष्टि करें। पैकेज डिलिवरी के दौरान प्राप्त एस एम एस में किसी भी लिंक पर क्लिक न करें। किसी भी जानकारी या ओ टी पी को खोलने से पहले लिंक की जांच करें। अपने व्यक्तिगत विवरण जैसे पता, ई–मेल आईडी, फोन नम्बर आदि साझा न करें। अप्रत्याशित डिलिवरी नोटिस पर किसी भी लिंक पर क्लिक या नम्बर पर वापस कॉल न करें। आम जनता किसी भी प्रकार की सहायता, जानकारी या पूछताछ के लिए साइबर अपराध पुलिस थाना से सम्पर्क या हेल्पलाइन नम्बर एक नौ तीन शून्य पर डायल कर सकते हैं।

<><><><><><><>

हर वर्ष की भांति इस साल भी इक्कीस जून को दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इस साल भी इक्कीस जून को द्वीपसमूह के विभिन्न क्षेत्रों में योग सत्र का आयोजन किया जाएगा और इसमें सभी सरकारी विभागों का सहयोग भी लिया जाएगा। आयुष मंत्रालय की ओर से तैयार सामान्य योगा प्रोटोकॉल के तहत प्रशिक्षुओं के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। पन्द्रह मई से इक्कतीस मई तक सुबह साढ़े नौ बजे से दिन में साढ़े ग्यारह बजे तक गर्ल्स स्कूल के सभागार में यह प्रशिक्षण चलेगा। सूची में शामिल विभिन्न विभागों और संगठनों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने–अपने विभागों और संगठनों से निर्धारित तिथि में प्रशिक्षुओं को नियुक्त करें।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार पुलिस की ओर से बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर कल से लेकर आठ जून तक चलेगी, जिसमें बच्चों को खेल, कौशल सहित विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस शिविर का उद्घाटन कल शाम पांच बजे पुलिसलाइन के ड्रिल हॉल में रखा गया है, जिसमें प्रतिभागियों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया है। इस शिविर में पंजीकरण कराने की आज अंतिम तिथि है। इच्छुक बच्चों से कहा गया है कि वे इवेन्ट संयोजक मोहम्मद मुस्तफा से सम्पर्क कर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य विभाग की ओर से द्वीपसमूह के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले दम्पतियों को लेप्रोस्कोपिक परिवार नियोजन सेवाएं प्रदान की जाती है। पिछले कई दिनों के बाद हाल ही में स्वराज द्वीप में परिवार नियोजन लेप्रोस्कोपिक शिविर का आयोजन किया गया। छः से नौ मई तक आयोजित शिविर में डॉ. एम. के साहा, डॉ. नारायणन राजाराम और उनकी टीम द्वारा सत्तर से अधिक महिलाओं को लाभ पहुंचाया गया। केन्द्रशासित स्वास्थ्य मिशन, अनिम्स और स्वराज द्वीप के आयुष्मान अरोग्य मंदिर के सहयोग से शिविर आयोजित हुआ।

<><><><><><><>

प्रदेश कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष रंगलाल हलदार ने जी. बी. पंत अस्पताल में मरीजों को दी जाने वाली भोजन सेवा में सुधार करने का अनुरोध किया है। स्वास्थ्य सचिव को लिखे अपने पत्र में उन्होंने मरीजों को सीमित मात्रा में विभिन्न प्रकार के संतुलित आहार दिए जाने का मुद्दा उठाते हुए मरीजों की बीमारी अनुसार उन्हें उचित मात्रा में पौष्टिक आहार देने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

एम वी स्वराजद्वीप के आज दोपहर बारह बजे तक पोर्ट ब्लेयर पहुंचने की संभावना है। जहाज में करीब पांच सौ सोलह यात्री सवार हैं। जहाज़ हैडो जेट्टी पर लगेगा।

<><><><><><><>